Greenlawns School , Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२४-२५)

कक्षा – सातवीं पूर्णांक – ८०

दिनांक - २३-९-२०२४ विषय - हिंदी समय – २ घंटे

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

## विभाग 'अ' (अंक - ४०)

## भाषा-विभाग

प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१०)

i) मेरा प्रिय संत

ii) राखी की आत्मकथा

iii) किसी ऐसे व्यक्ति का वर्णन कीजिए जिसका आपके जीवन पर प्रभाव पड़ा हुआ हो ।

प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए :- (७)

अंधे और लँगड़े में मित्रता –------ गाँव में बाढ़ आना –------- गाँव के अन्य व्यक्तियों का सुरक्षित स्थान पर जाना –---------- अंधे और लँगड़े का घबराना –--------------- एक उपाय सूझना –-------- एक के पास आँखें , एक के पास टाँगें–---------- लँगड़े का अंधे के कंधे पर बैठना –-------- राह बताते जाना –------ दोनों का सुरक्षित स्थान पर पहुँचना--------- सीख।

प्रश्न ३] निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

एक बार की बात है। एक गाँव में एक बूढ़ा दयालु जादूगर रहता था। वह गाँववालों की भलाई के लिए अपने जादू का इस्तेमाल बड़ी ही उदारता और बुद्धिमानी से करता था। बूढ़े जादूगर ने कभी किसी को भी अपने जादू के स्त्रोत के बारे में कभी नहीं बताया था। वह हमेशा यही कहता था कि उसके पास एक जादुई बरतन है जो सबकी मदद करता है। लोग जादूगर के पास अपनी समस्याएँ लेकर आते थे और वह ख़ुशी-ख़ुशी उनकी समस्याओं को दूर कर देता था। उसके इस मददगार स्वभाव के कारण, पूरे गाँव में सभी उसे बहुत पसंद करते थे। गाँववासी अपनी हर समस्या के लिए उस पर आँख बंद करके भरोसा करते थे।

यह लोकप्रिय जादूगर काफी लम्बे समय तक जीया और मरने के बाद अपनी पूरी सम्पति को अपने इकलौते पुत्र के लिए छोड़ गया। परन्तु उसके बेटे का स्वभाव अपने दयालु पिता से बिलकुल विपरीत था। वह बहुत लालची और स्वार्थी व्यक्ति था। उसकी नजर में जो लोग जादू का प्रयोग अपने फायदे के लिए नहीं कर सकते, वे मूर्ख हैं। वह जरूरतमंद लोगों की मदद करना व्यर्थ

P.T.O

समझता था और अक्सर अपने पिता की सहायता करने की आदत से घृणा करता था।

एक बार, देर रात एक बूढ़े आदमी ने उसके घर का दरवाज़ा खटखटाया और बताया कि उसका गधा खो गया है। युवा जादूगर गहरी नींद में सो रहा था। नींद खराब होने के कारण वह उस बूढ़े आदमी पर ज़ोर से चिल्लाया और उसके मुँह पर दरवाज़ा बंद करते हुए बोले , "मैं तुम्हारे गधे की चिंता क्यों करूँ ? जाओ और खुद ही उसे ढूँढो ।"

उसी समय जादुई बरतन में से बुलबुले उठने लगे। जल्दी ही, उसका छोटा-सा घर गधों के झुण्ड से भर गया।उसने उन गधों को घर से बाहर निकलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद, युवा जादूगर के दरवाज़े को किसी ने फिर से खटखटाया। यह रोती हुई एक जवान औरत थी। उसने युवा जादूगर से गंभीर रूप से बीमार अपनी बेटी को ठीक करने की भीख माँगी लेकिन आदत से मजबूर जादूगर ने गुस्से से हाथ हिलाकर उसे वहाँ से जाने के लिए कहा। अब बरतन बहुत ज़ोर-ज़ोर से हिलने लगा और पूरे घर को नमकीन पानी से भर दिया।

जल्दी ही, गाँववासियों को युवा जादूगर की दुर्दशा का पता चल गया। लेकिन कोई भी उसकी सहायता करने नहीं गया। सबने यही कहा - जैसा बोओगे वैसा पाओगे।

आखिरकार, युवा जादूगर यह सब और सहन नहीं कर सका। अब वह समझ चुका था कि जादुई बरतन उसके स्वार्थी कर्मों के लिए उसे सज़ा दे रहा है। अपनी गलती का एहसास होते ही, अब वह भी अपने पिताजी की तरह अपने जादू से गाँव के लोगों की मदद करने लगा और जादुई बरतन ने भी फिर कभी कुछ बाहर नहीं निकाला।

प्रश्न :-

i) बूढ़ा जादूगर सभी गाँववासियों द्वारा बहुत पसंद क्यों किया जाता था? (२)

ii) युवा जादूगर अपने पिता से किस प्रकार भिन्न था? (२)

iii) युवा जादूगर का घर गधों से क्यों भर गया था? (२)

iv) युवा जादूगर को किस प्रकार की दुर्दशा का सामना करना पड़ा? (२)

v) आखिरकार युवा जादूगर ने अपने जादू से गाँववालों की मदद करने का निश्चय क्यों किया? (२)

## <u>व्याकरण - विभाग</u>

प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - (२)

1) घड़ा - 2) इच्छा -

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)

1) चतुर × 2) भिज्ञ ×

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

1) अच्छी सहनशक्ति वाला -

2) जिसके चार पद हों -

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- कोई (२) (३)

1)कान कतरना - 2) दाँत पीसना - 3)आसमान से बातें करना -

v) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए:- (२)

1) नयना की आँख में कुछ गिर गया है ।

2) माँ, किसे देख रही हो?

vi)निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित कारक शब्दों के भेद लिखिए: - (२)

1) कुम्हार <u>मिट्टी से</u> बरतन बनाता है ।

2) लड़के <u>मैदान में</u> खेल रहे हैं ।

## विभाग 'ब' (अंक - ४०)

## <u>साहित्य -विभाग</u>

प्रश्न ५ - क] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (९)

i) लेखक और रहमत में क्या-क्या समानताएँ थीं स्पष्ट कीजिए ।

ii) अपाहिज ने अपने परिचय में क्या कहा ? घोड़ा छिनने के भय से बाबा भारती के क्या दशा हो गई ?

iii) रहमत को कारावास की सजा क्यों सुनाई गई ? कारावास से छुटने के बाद रहमत कैसा दिखाई देता था?

ख ] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (३)

i) बाबा भारती कहाँ पहरा देते थे ?

ii) काबुली वाले के हाथ में क्या था ?

iii) बाबा भारती अपने घोड़े को क्या पुकारते थे ?

ग] रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :- (३)

i) घोड़ा ---------- वेग से उड़ने लगा ।

ii) मैं यहाँ ---------- बेचने नहीं आता ।

iii) मेरा घर ---------- के किनारे पर था ।

घ] किसने - किससे कहा लिखिए :- (२)

P.T.O

i) “हम ससुर को मारेगा ।”

ii) “अब घोड़े का नाम ना लो ।”

ङ ] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

i) पदचाप -

a) भावना b) आवाज c) घोड़ा d) चलने का शब्द

ii) अठन्नी -

a) २५ पैसे का सिक्का b) ५० पैसे का सिक्का c) ७५ पैसे का सिक्का d) ५ आना

iii) कालिख -

a) सय्ह b) सयाह c) स्याह d) स्याही

## कविता - विभाग

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

i) राम-रतन की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ?

ii) 'मत बाँटो इंसान' को इस कविता से आपको क्या सीख मिलती है ?

आ] एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (२)

i) खिलती हुई बहार पर किसका हक है ?

ii) सत्य की नाव को कौन पार लगाता है ?

इ] निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (४)

अब ------------------------------------

-----------------------------------------

-----------------------------------------

---------------------------- रेगिस्तान है ।

ई ] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (२)

i) उजियाला -

a) गरम b) हैरान c) रोशनी d) भोजन

ii) खुटै-

a) काम होना b) धीरे - धीरे c) अनुपयोगी d) कम होना

## बाल रामायण - विभाग

प्रश्न ७ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

i) अपने पति के निर्णय पर आपत्ति जताते हुए सीताजी ने उनसे क्या कहा ?

ii) रानी कैकयी कोपभवन में किस अवस्था में थी ?

iii) महाराज दशरथ को राम से कौन - सी बात कहने में कष्ट हो रहा था ?

समाप्त